मोहब्बत

तर्ज - ओ फिरकी वाली

ओ खाटुवाले, तु प्यार जता ले, मुझे अपना लें,
मुझे तुमसे प्यार है,
इजहार का तेरा इन्तजार है

मुंह खोल, जरा बोल दे तु कान्हा, प्यार है हांः प्यार है,
तेरी शरण मे कब से पडा हुं, तेरा भी इकरार है,
मेरे प्यासे, नैना तरसे, भटके ना तेरे दर से,
तुझे सुनने, को तुमसे ही मिलने, को तुझमे ही रमने, को दिल बेकरार है,
इजहार का ....

सामने आ, जरा छु ले तु मुझको, मै दीवाना हो जाऊ,
मुझको अपने गले लगा ले, मै मस्ताना हो जाऊ,
मेरे तन का, मेरे मन का, मेरे इस जीवन का,
तुझको पाना, तुझी को रिझाना, तेरा हो जाना, तुझी से सरोकार है,
इजहार का ......

नजरे घुमा के तु कर दे इशारा, मेरी समझ मे आ जाये,
तेरी मोहब्बत का दे दे सहारा, मेरी नजर को भा जाये,
'बिट्टु' तेरा हुआ दीवाना, प्यार तुझे करता है,
मै तो नाचु, मै मौज मनाऊ, मै श्याम रिझाऊ, ये श्याम परिवार है,
इजहार का ....

Singer - Dimple Agarwal
Lyrics - Sunil Dhanania "BITTOO"
Contacts Us on 9830531000

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20884/title/mohabbat

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |